-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन। पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जन जनता की शिकायतें सुन किया गया उनकी निस्तारण।**
- **श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा थाना अतर्रा पर, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सुनी गई जनता की शिकायतें।**

विवरण- जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 28.09.2024 को जनपद समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह द्वारा थाना अतर्रा पर जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी बांदा श्री नागेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना बबेरु व बिसण्डा पर जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 102 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 43 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है।